# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| | | |
|---|---|---|
| **Class: IX** | **Department: Hindi** | **Date -09.09.25** |
| **Revision Woeksheet-1** | **Topic:** व्याकरण, गद्य & पद्य | **Note: Pl. file in portfolio** |

**व्यावहारिक व्याकरण**

**प्रश्न-1**.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- (शब्द & पद)

(i)कमला <u>बाजार</u> जा रही थी ।- रेखांकित को क्या कहेंगे?

(ii)स्वतंत्र सार्थक ध्वनि समूह को क्या कहते हैं?

(iii) _____ में प्रयुक्त शब्द को पद कहते हैं ।

**प्रश्न-2**.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-(अनुस्वार & अनुनासिक)

(i) शुद्ध रूप लिखिए- झाकना, ऊचाई

(ii) उचित स्थान पर अनुस्वार लगाइए- कम्बल, ठण्डा

(iii) अनुनासिक 'स्वर' है जबकि अनुस्वार मूलतः ________ है ।

(iv) सवेदना, चचल - उपयुक्त स्थान पर अनुस्वार लगाइए-

(v) सवाँरना, आगनँ-शुद्ध रूप लिखिए -

**प्रश्न-3**.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (उपसर्ग & प्रत्यय)

(i) 'परा' उपसर्ग से दो शब्द बनाइए ।

(ii)उपसर्ग और मूल शब्द अलग कीजिए- सपरिवार, बदसूरत

(iii)मूल शब्द और प्रत्यय अलग कीजिए-सांसारिक , पत्रकार

(iv) 'आई'-प्रत्यय से दो शब्द बनाइए ।

(v) 'एरा'-प्रत्यय से दो शब्द लिखिए ।

**प्रश्न-4**. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- (संधि)

(i) संधि कीजिए- राजा + ऋषि, पर + उपकार

(ii) संधि विच्छेद कीजिए- भानूदय, रवींद्र

(iii) संधि कीजिए- परम + अर्थ , सुर + ईश

(iv) संधि के कितने भेद हैं और वे क्या हैं?

**प्रश्न-5**. उचित विराम चिहन लगाइए- (विराम चिहन)

(i) एक आदमी ने घृणा से एक तरफ़ थूकते हुए कहा क्या ज़माना है

(ii) हमें माता पिता की सेवा करनी चाहिए

(iii) क्या राधा सुशीला और सृष्टि एक ही स्कूल में पढ़ती हैं

(iv) वाह कितना सुंदर दृश्य है

## पाठ्य पुस्तक

**प्रश्न-6**-निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर विकल्पों में से चुनिए:

1X5 = 5

यह आघात अप्रत्याशित था और इसकी चोट मार्मिक थी। तुम्हारे सामीप्य की वेला एकाएक यों रबर की तरह खिंच जाएगी, इसका मुझे अनुमान न था। “किसी लॉण्ड्री पर दे देते हैं, जल्दी धुल जाएँगे।” मैंने कहा । मन-ही-मन एक विश्वास पल रहा था कि तुम्हें जल्दी जाना है।

“कहाँ है लॉण्ड्री?” “चलो चलते हैं।” मैंने कहा और अपनी सहज बनियान पर औपचारिक कुर्ता डालने लगा। “कहाँ जा रहे हैं?” पत्नी ने पूछा।

“इनके कपड़े लॉण्ड्री पर देने हैं।” मैंने कहा।

मेरी पत्नी की आँखें एकाएक बड़ी-बड़ी हो गईं। आज से कुछ बरस पूर्व उनकी ऐसी आँखें देख मैंने अपने अकेलेपन की यात्रा समाप्त कर बिस्तर खोल दिया था। पर अब जब वे ही आँखें बड़ी होती हैं तो मन छोटा होने लगता है। वे इस आशंका और भय से बड़ी हुई थीं कि अतिथि अधिक दिन ठहरेगा।

(i) कौन सा आघात अप्रत्याशित था?

(क) जब अतिथि ने शॉपिंग करने को कहा

(ख) जब अतिथि ने कहा कि धोबी को कपड़े धुलवाने के लिए देने हैं

(ग) जब अतिथि फाइव स्टार होटल में खाना खाने के लिए बोला

(घ) जब अतिथि सिनेमा दिखाने के लिए बोला

(ii) लेखक की पत्नी की आँखें बड़ी क्यों हो गई?

(क) लेखक के घायल हो जाने से

(ख) अतिथि के अधिक दिन तक रुकने का सोचकर

(ग) बच्चे की शरारत से गुस्सा होकर

(घ) इनमें से कोई नहीं

(iii). किसके सामीप्य की बेला एकाएक रबड़ की तरह खींच रही थी?

(क) अतिथि की (ख) लेखक की

(ग) लेखक की पत्नी की (घ) लेखक के बच्चों की

(iv). ‘किसी लॉण्ड्री पर दे देते हैं’-लेखक ने ऐसा क्यों कहा?

(क) लेखक को बाहर जाना था

(ख) लॉण्ड्री वाला लेखक का दोस्त था

(ग) पत्नी का आदेश था

(घ) लेखक चाहते थे कि अतिथि के कपड़े जल्दी धुल जाएँ

(v) गद्यांश के लेखक हैं -

(क) हरिवंश राय बच्चन (ख) यशपाल

(ग) बचेंद्री पाल (घ) शरद जोशी

**प्रश्न-9**. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर विकल्पों में से चुनिए:

1 x 5 = 5

रहिमन निज संपत्ति बिना कोउ न बिपत्ति सहाय ।
बिनु पानी ज्यों जलज को, नहिं रवि सके बचाय ॥
धनि रहीम जल पंक को लघु जिय पिअत अघाय ।
उदधि बढ़ाई कौन है, जगत पिआसो जाय ॥

(i). विपत्ति में कौन सहायता करता है?

(क) दूसरे लोग (ख) पड़ोसी

(ग) अपनी संपत्ति (घ) रिश्तेदार

(ii)रवि कमल को कब बचा पाता है?

(क) जब कमल के आसपास जल होता है (ख) जब सूरज उदित होता है

(ग) जब कमल मुरझा रहा होता है (घ) जब कमल खिल रहा होता है

(iii)पंक-जल अच्छा क्यों है?

(क) उसमें जल कम है

(ख) वह छोटे-छोटे प्राणियों की प्यास बुझाता है

(ग) वह कमल को उत्पन्न करता है

(घ) उसमें धान उत्पन्न होता है

(iv). उदधि की प्रशंसा कवि क्यों नहीं करते?

(क) समुद्र अपनी प्रशंसा नहीं सुनना चाहता

(ख) उसमें बहुत से जीव रहते हैं

(ग) खारा होने के कारण उसके जल से प्यास नहीं बुझती

(घ) वह फैला हुआ है

(v) कवि रहीम का पूरा नाम है -

(क) रहीम दास (ख) अब्दुल रहीम

(ग) अब्दुर्रहीम खानखाना (घ) रहीम खान